# गिरोह बनाकर चोरी व लूट करने वाले 10 लोग पकड़ाए

**» ढूंढते थे सूने मकान, फिर देते थे चोरी की घटना का अंजाम**
**» राहगीरों पर रहती थी निगाह, मौका मिलते ही लूट लेते थे**
**» वारदात के लिए आरोपियों को मिली अलग-अलग जिम्मेदारी**

**महासमुंद (आरएनएस)।** गिरोह बनाकर चोरी व लूट की घटना को अंजाम देने वाले 10 लोग आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गए। हाल में हुई लूट की घटना के बाद पुलिस टीम को चोरी व लूट के 9 मामलों के इन आरोपियों को पकडऩे में सफलता मिली। आरोपियों से एक पिस्टल, दो मैग्जीन, 96 हजार रुपए नकद, डेढ़ लाख के जेवरात व सात मोबाइल बरामद किए गए हैं।



पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि चोरी व लूट की घटना को अंजाम देने के पहले पकड़े गए आरोपी गांवों में अपने मुखबिरों की सहायता से सूने मकानों की रेकी करते थे। फिर मौका पाकर चोरी करते थे। आरोपियों ने राहगीरों को भी लूटा। इन आरोपियों के पकडऩे के लिए तीन टीम बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि इन वारदातों का मास्टर माइंड धनसाय चौहान पिता शोभाराम चौहान (33) ग्राम अरण्ड पिथौरा, करण कुमार ध्रुव पिता श्रीलाल ध्रुव (23) बड़े छुईया थाना बलौदाबाजार, संदीप धृतलहरे पिता रूपकुमार धृतलहरे (19) बड़े छुईया बलौदा बाजार, मिलाप दीवान पिता महेश दीवान (26) वर्ष ग्राम अरण्ड पिथौरा, डमरूधर चौहान पिता बजारू चौहान (24) वर्ष बाकिपाली टुकड़ा थाना सांकरा, राहुल दुबे पिता केदार दुबे (22) भाटापारा थाना जिला बलौदाबाजार, फगु सिंह सागर पिता बरातु सागर (53) विजयमाल थाना सांकरा, मन्नु लाल माझी पिता उहराम माझी (35) विजयमाल थाना सांकरा और ईश्वर चौहान पिता पिलारू चौहान (35), लोकनाथ चौहान पिता देवसिंह चौहान (34) श्रीरामपुर थाना सांकरा को पकड़ा गया है। एसपी ने बताया कि गिरोह का मास्टरमाइंड धनसाय चौहान है। पूर्व में भी चोरी के अपराध में चालान हो चुका है। वहीं करण कुमार का भी चोरी के मामले में चालान हो चुका है। यह मास्टर माइंड का साथी था। डमरूधर चौहान गिरोह में रेकी का कार्य करता था और राहुल दुबे पिस्टल दिखाकर धमकाता था। एसपी ने बताया कि ये और भी चोरी में शामिल हो सकते हैं, पूछताछ की जा रही है। संपूर्ण कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मागदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, कौशलेंद्र कुमार पटेल, वीणा यादव, उदय राम साहू, पंकज बाघ, वीरेंद्र कुमार, विजय कुमार दिव्य, सूरज निराला, गौरव नौवरंगे, कृष्णकांत रजक, द्वारा की गई।

**ऐसे चढ़े पुलिस के हत्थे**

13 जुलाई 2019 को प्रार्थी संजय कुमार ने थाना सांकरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वो अनपूर्णा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड में काम करता है। 8 जुलाई को महिला समूह के सदस्यों का 8,5560 रुपए कलेक्शन कर अपने बैग में डालकर मोटर साइकिल से बारिकपाली टुकड़ा से वापस पिथौरा आ रहा था। तभी रास्ते में दोपहर 12.30 बजे तीन अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटर साइकिल को रोककर चाबी निकाल ली। उसके ऊपर पेट्रोल डालकर पिस्टल से उन्हें डराकर उसके हाथ से बैग लूट लिए। घटना के बाद प्रार्थी डर की वजह से खेत की ओर भागा। बाद में जब सड़क पर आकर देखा तो बाइक गिरी हुई थी। इसके बाद उसने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।

**घटना की जांच के लिए बनाई तीन टीम**

आरोपियों को सांकरा थाना प्रभारी वीणा यादव ने इसके लिए तीन टीम बनाई। सीसीटीवी फुटेज, लूट की घटना के रास्ते लोगों की पहचान और मुखबिरों से सहायता ली गई। इसके बाद टीम को सूचना मिली कि एक युवक इस घटना में शामिल हो सकता है। उसके बाद सांकरा पुलिस ने एक संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा। उसने अपना नाम धनसाय चौहान पिता शोभाराम चौहान बताया। गहन पूछताछ के बाद उसने सांकरा और पिथौरा में लूट की बाद स्वीकार कर ली। उसने अन्य आरोपियों के नाम भी बताए। वहीं 3 फरवरी 2019 को ग्राम भजपुरी के बृजलाल साहू के घर से 50 हजार रुपए और सोने चांदी के जेवरात चोरी की बात भी कबूली। इस चोरी में शामिल फगु सिंह, मन्नु लाल, ईश्वर, लोकनाथ चौहान, करण को घेराबंदी कर पकड़ा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### थल सेना भर्ती के लिए निःशुल्क कोचिंग 22 से

**कोरबा (आरएनएस)।** थल सेना भर्ती रैली बेहतराई स्टेडियम बिलासपुर में एक जून से सात जून तक शारीरिक मापदण्ड परीक्षा आयोजित किया गया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कोरबा जिले के ऐसे युवक जो उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण हो गये हैं वे प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में उपस्थित होकर अपना नामांकन करा सकते हैं। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा उत्तीर्ण युवाओं के लिए लिखित परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग, मार्गदर्शन 22 जुलाई से 26 जुलाई तक प्रातः 10 बजे से दोपहर दो बजे तक प्रदाय किया जायेगा।

### दहेज के नाम पर महिला को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** मायके से तीन लाख रुपए लाने की मांग पर महिला के साथ शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की रिपोर्ट महिला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार फेस 2 टीवी टावर के पास शंकर नगर निवासी महिला 29 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विवाह के बाद से ही ससुरालियों द्वारा 3 लाख रुपए मायके से लाने की बात कहकर विशाल मतलानी, सुनीता मतलानी, रामलाल लालवानी निवासी तेलीबांधा रायपुर के द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था एवं नंदोई द्वारा अश्लील हरकत कर परेशान किया जा रहा था। प्रार्थियां ने प्रताड़ना से तंग आकर ससुरालियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना की धारा 498 ए 354, 34 के तहत आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया है।

### एमपी के पूर्व सीएम शिवराज चौहान पहुंचे रायपुर

**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में शामिल होने राजधानी रायपुर पहुंचे हैं। भाजपा सूत्रों ने बताया कि भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में शामिल होने के लिए श्री चौहान रायपुर आए हुए हैं। इधर रायपुर पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक के साथ पहुंचे कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत-सत्कार किया है। श्री चौहान ने शदाणी दरबार पहुंचकर मत्था टेंका तथा यहां पौधा रोपण भी किया।

### अलग-अलग दो स्थानों से मोटरसाइकिल पार, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** अलग अलग थाना क्षेत्रों से दो मोटरसाइकिल की चोरी किए जाने की रिपोर्ट मोहदापारा व आमानाका थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बजरंग नगर आजाद चौक रायपुर निवासी कमल साहू 28 वर्ष पिता शत्रुघन लाल साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बैंक ऑफ बरौडा नवभारत प्रेस के पास खड़ी मोटरसाइकिल स्लेंडर क्रमांक सीजी 04 केएक्स 6208 अनुमानित कीमत 5 हजार रुपए को किसी ने चोरी कर लिया। इसी तरह पंचशील नगर वार्ड एक दुर्ग निवासी रविकुमार साहू 31 वर्ष पिता प्रदीप साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरडीए कालोनी सरोना में दोस्त के घर के सामने खड़ी होंडा ड्रीम योगा क्रमांक सीजी 07 ईएच 0886 मोटरसाइकिल अनुमानित कीमत 15 हजार रुपए को किसी ने चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### तेज रफ्तार सिटी बस खड़ी ट्रेक्टर से भिड़ी, यात्री घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार सिटी बस ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ा ट्रैक्टर को जोरदार ठोकर मार दिया। जिसके चलते बस में बैठे यात्री घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए 112 की मदद से एम्स अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार गनियारी भिलाई 3 जिला दुर्ग निवासी द्रोपती बांधे 48 वर्ष पति सबल राम बांधे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि टाटीबंध पेट्रोलपंप के सामने तेज रफ्तार सिटी बस क्रमांक सीजी 04 ई 2764 ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ा ट्रेक्टर को ठोकर मार दिया जिसके चलते प्रार्थियां एवं बस में बैठे अन्य यात्री घायल हो गए। घायलों में रघुराणा, मिना चौहान, ललीता बाई ठाकुर एवं गेंदवती पटेल व द्रोपती बांधे को दोनों पैर व गले में गंभीर चोट लगने के चलते उसे इलाज के लिए 112 की मदद से एम्स में भर्ती किया गया है। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर पुलिस ने सिटी बस चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला दर्ज कर लिया है।

# सूमो में भरी 35 पेटी अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** अवैध रूप से सूमो वाहन में 35 पेटी शराब भरकर ले जा रहे वाहन को पुलिस ने जांच के दौरान 35 पेटी शराब के साथ वाहन को जब्त कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर सूमो वाहन में शराब की तस्करी किए जाने की जानकारी मिलते ही पुलिस ने नाकाबंदी कर ग्राम नारा के पास पुलिस ने सूमो क्रमांक ओडी 16/ 9391 में चेकिंग के दौरान 35 पेटी विस्की व गोवा शराब कुल 1680 नग पाव पाए जाने पर विजय सिंह 35 वर्ष पिता स्व. जगत सिंह को गिरफ्तार कर शराब व सूमो वाहन को जब्त कर लिया है। पूछताछ पर आरोपी ने पुलिस को बताया कि शराब जेपी गुप्ता का है उसके कहने पर वह ग्राम भानसोज छोड़ने जा रहा था। आरोपी के खिलाफ अवैध रूप से शराब तस्करी किए जाने पर आबकारी एक्ट की धारा 34 -2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट

**रायपुर (आरएनएस)।** मौसम विभाग ने आने वाले 48 घंटों के दौरान राज्य के कुछ इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान धीरे-धीरे कम दबाव क्षेत्र में तब्दील हो जाएगा और इसके बाद राज्य के कुछ जिलो में भारी बारिश की संभावना बन रही है।

मौसम विभाग ने भारी बारिश की संभावनाओं को देखते हुए यलो अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग से जारी यलो अलर्ट के अनुसार प्रदेश के रायपुर-बिलासपुर-दुर्ग तथा बस्तर संभाग के जांजगीर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा तथा बस्तर के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना बन रही है। यलो अलर्ट को देखते हुए प्रदेश के राहत आयुक्त को भी सूचना प्रेषित कर दी गई है।



जानकारों के अनुसार यलो अलर्ट का अर्थ पूर्व से सचेत रहने तथा भारी बारिश के दौरान उत्पन्न होने वाले हालातों के मद्देनजर सुरक्षा तैयारी रखना होता है। इस लिहाज से यह कहा जा सकता है कि भारी बारिश के दौरान एक-दो स्थानों में स्थिति बिगड़ सकती है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, बाढ़ अथवा भारी बारिश की स्थिति में भी हालात काबू में रहेंग। बहरहाल प्रदेशवासियों को भी अब अच्छी बारिश का इंतजार है। पिछले पखवाड़े भर से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद भी राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य इलाकों में मानसून ब्रेक की स्थिति बनी हुई है। राजधानी रायपुर में कल शाम हल्की बूंदाबांदी और बारिश हुई है, लेकिन यह नाकाफी है। अब प्रदेशवासियों को मानसून की झमाझम बारिश का बेसब्री से इंतजार है।

# हितग्राही ऑनलाईन प्राप्त कर सकते है राशन कार्ड नवीनीकरण फार्म

**» खाद्य विभाग की वैबसाइट पर उपलब्ध है प्रारूप**

**रायपुर (आरएनएस)।** वर्तमान में प्रचलित सभी राशन कार्डो के नवीनीकरण हेतु रायपुर नगर निगम के विभिन्न वार्डो सहित प्रदेश भर में राशनकार्ड नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में राशनकार्डधारी निर्धारित प्रारूप में राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु आवेदन सह घोषणा पत्र भरकर जमा करेंगे। इन शिविरों में आवेदन पत्र प्राप्त करने में भीड़ की वजह से हितग्राहियों को



असुविधा न हो इस हेतु खाद्य विभाग की वेब साईट में राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु आवेदन सह घोषणा पत्र उपलब्ध है, जहां से राशनकार्डधारी उक्त आवेदन को डाउनलोड कर प्रिंट निकालकर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है तथा इसे भरकर सीधे शिविर में जमा कर सकते है।

# जातिगत टिप्पणी पर अजय चंद्राकर घिरे



**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा में आज विपक्ष के वरिष्ठ सदस्य अजय चंद्राकर जातिगत टिप्पणी मामले में घिर गए। सत्ता पक्ष के सदस्यों के शोर-शराबे एवं विरोध बढ़ते देखकर अजय चंद्राकर को सदन में अपने शब्दों के लिए माफी मांगकर मामला शांत कराना पड़ा।

प्रश्नकाल में आज शिक्षा के अधिकार मामले में बहस के दौरान मंत्री अमरजीत भगत के द्वारा बीच में टोका-टॉकी किए जाने से नाराज होकर भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने जातिगत टिप्पणी की। इससे अमरजीत भगत सहित सत्ता पक्ष के अन्य सदस्य उत्तेजित हो गए और उन्होंने अजय चंद्राकर पर इस टिप्पणी के लिए माफी मांगने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने भी इस मामले में कहा कि जाति वाचक शब्द का प्रयोग करना सही नहीं है। यह घोर आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि अजय चंद्राकर ने भूलवश इस शब्द का प्रयोग किया है इसके लिए उन्हें सदन में खड़े होकर माफी मांगना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई सदस्य अपने द्वारा गलत शब्द के लिए माफी मांगता है तो वह उसका कद छोटा नहीं बल्कि बड़ा होता है। इसके बाद अजय चंद्राकर ने खड़े होकर अपनी गलती मानते हुए क्षमा मांगा। विधानसभा अध्यक्ष ने भी कहा कि असंसदीय टिप्पणी होने पर उसे कार्यवाही से विलोपित कर दिया जाएगा।

# पत्नी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर बदमाश ने मारा चाकू, मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में क्राइम ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है।



राजधानी में बीति रात एक युवक की सरेआम हत्या कर दी गई। वहीं पुलिस ने आरोपी बदमाश को भी गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना झण्डा चौक की है। जहां बीति रात छोटू नामक युवक अपनी पत्नी के साथ चौक से गुजर रहा था। इसी दौरान वहां बैठे बदमाश संजय यादव ने छोटू की पत्नी से छेड़खानी की। जिसका विरोध करने पर संजय यादव ने छोटू पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में युवक को रामकृष्ण केयर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। राजेन्द्र नगर थाना टीआई अजय शंकर त्रिपाठी बताया कि मृतक छोटू का पंचनामा कर मर्ग कायम कर लिया गया है। वहीं आरोपी संजय यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आदिवासियों के धार्मिक स्थलों पर खर्च की जाने वाली राशि बढ़ाये जाने की मांग

**» विधानसभा में उठा मामला**

**रायपुर (आरएनएस)।** अनुसूचित जनजातियों के धार्मिक स्थलों (देवगुड़ी) पर खर्च होने वाली राशि को बढ़ाए जाने की मांग आज विधानसभा में उठी। धर्मस्व मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने इस पर बढ़ी हुई राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। प्रश्नकाल में सत्ता पक्ष के विधायक शिशुपाल सोरी ने यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के धार्मिक स्थलों के संरक्षण के लिए जो राशि वर्तमान में एक लाख रूपये दी जाती है वह बहुत ही कम है।

# अजय देवगन की भुज से टकराएगी जॉन अब्राहम की सत्यमेव जयते-2 ?

जॉन अब्राहम की फिल्म सत्यमेव जयते पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज हुई थी और फिल्म में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की। वहीं, इस साल स्वतंत्रता दिवस पर जॉन अब्राहम की फिल्म बाटला हाउस रिलीज होने वाली है। ऐसा कहा जा रहा है कि अगले साल भी नैशनल हॉलिडे को ध्यान में रखते हुए जॉन अब्राहम की सत्यमेव जयते 2 रिलीज हो सकती है।



प्रॉजेक्ट से जुड़े एक सोर्स ने बताया कि फिल्ममेकर्स ने 2020 में 14 अगस्त को फिल्म रिलीज करने का फैसला किया है और इस साल नवंबर में टीम फिल्म पर काम शुरू करेगी।

बता दें कि इस साल 15 अगस्त के दिन जॉन अब्राहम की फिल्म बाटला हाउस के अलावा अक्षय कुमार की फिल्म मिशन मंगल और प्रभाष की फिल्म साहो भी रिलीज होगी।

यदि 2020 में 14 अगस्त को सत्यमेव जयते रिलीज होगी तो अजय देवगन और संजय दत्त स्टारर भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया से टकराएगी। इस वॉर फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा, परिणीति चोपड़ा, राणा राणा दग्गुबाती ऐमी विर्क भी नजर आएंगे।

वहीं, जॉन अब्राहम इन फिल्मों के अलावा अटैक और संजय गुप्ता की मुंबई सागा में दिखाई देंगे। इस फिल्म में इमरान हाशमी, सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

# भूल भुलैया 2 में काम करेंगे अक्षय कुमार?



प्रड्यूसर-डायरेक्टर अनीस बज्मी सुपरहिट फिल्म भूल भुलैया का सीक्वल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। अक्षय कुमार और विद्या बालन स्टारर इस फिल्म का डायरेक्शन प्रियदर्शन ने किया था। अब इसके सीक्वल में लीड रोल कार्तिक आर्यन निभा सकते हैं। अब ऐसी रिपोर्ट सामने आ रही है कि अक्षय भी इस फिल्म में दिखाई दे सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्षय इस फिल्म में एक स्पेशल रोल में दिखाई देंगे। हालांकि अभी तक इस बारे में फिल्म के प्रड्यूसर्स ने कोई ऑफिशल अनाउंसमेंट नहीं किया है। कहा यह भी जा रहा है कि अक्षय एक बार फिर अपने कैरक्टर डॉक्टर आदित्य श्रीवास्तव में फिर से दिखाई दे सकते हैं। इस बीच, अनीस बज्मी ने हाल में जॉन अब्राहम, अनिल कपूर और इलियाना डीक्रूज के लीड रोल वाली फिल्म पागलपंती की शूटिंग पूरी कर ली है और अब वह साल के अंत तक भूल भुलैया 2 की शूटिंग पूरी कर सकते हैं। इस फिल्म को भूषण कुमार प्रड्यूस करेंगे। वहीं, अक्षय की बात करें तो वह इस समय रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी की शूटिंग कर रहे हैं जिसमें उनके साथ कटरीना कैफ दिखाई देंगी। इसके बाद वह राघव लॉरेंस की फिल्म लक्ष्मी बॉम्ब में भी काम करेंगे।

# बॉलिवुड में बने रहने के लिए स्टील की नसों की जरूरत है : कटरीना

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कटरीना कैफ को फिल्म इंडस्ट्री में 16 साल हो गए और इस दौरान उन्होंने कई सफलताएं भी देखी और कुछ असफलताओं का स्वाद भी चखा। कटरीना का कहना है कि बॉलिवुड की इस चकाचौंध भरी दुनिया में बने रहने के लिए स्टील की नसों की जरूरत है। कटरीना ने बताया कि यह एक अप्रत्याशित जगह है और सफलता की गारंटी कोई भी नहीं दे सकता है। मेरा ऐसा मानना है कि सफलता को अपने सिर पर न चढ़ने दें और असफलता को दिल से न लगाएं।

कटरीना ने अपने 16 साल के इस सफर को खूबसूरत बताया। उन्होंने कहा कि यह एक शानदार सफर रहा है। इस दौरान कठिन परिश्रम करना पड़ा लेकिन दर्शकों से ढेर सारा प्यार भी मिला। हांगकांग में जन्मीं कटरीना 16 जुलाई को अपना जन्मदिन मनाने के लिए फिलहाल मैक्सिको में छुट्टियां बिता रही हैं। इस बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने वकेशन की कई तस्वीरें और विडियो शेयर किए हैं। इस वकेशन से पहले कटरीना पिछले कुछ महीने अपनी हालिया फिल्मों के चलते काफी व्यस्त रहीं।




इन फिल्मों में आमिर खान के साथ ठग्स ऑफ हिंदोस्तान, शाहरुख खान के साथ जीरो और सलमान खान के साथ भारत जैसी फिल्में शामिल रही। जीरो और भारत में कटरीना के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। कटरीना की अगली रिलीज सूर्यवंशी मानी जा रही है जिसमें वह अक्षय कुमार के विपरीत नजर आएंगी, जिसे देखकर ऐसा लगता है कि इंडस्ट्री में कटरीना सीनियर सुपरस्टार्स की पहली पसंद बन गई हैं।